हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 पंचायत सचिवों की अनिश्चित कालीन हड़ताल से सरकारी...



14 अर्जुनी में बनेगा नया बस स्टैंड, सभी सुविधाओं से होगा लैस





## खबर संक्षेप

### सीतानदी परिक्षेत्र में दो दंतैल विचरण कर रहे

**नगरी।** सीतानदी परिक्षेत्र के ग्राम बहिगांव, आमानारा, बरोली, मारियामारी, एकावारी, फरसगांव के जंगल में दो दंतैल विचरण कर रहे हैं। दल प्रमुख रंजीत यादव, दैवेभो हेमलाल वट्टी, हाथी ट्रेकर नारद मण्डावी, सगरु मरकाम, मनोज मरकाम फायर वाचर ने बताया कि हाथियों ने तेंदू की जड़, माहुल बेल की छालपत्ता, बांस एवं अन्य वनस्पतियों को खाया है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की चेतावनी दी गई है। हाथी दिखने पर नजदीक के वन कर्मचारी को सूचना देने कहा है।

### हिन्दू जागरण मंच का 23 को युवा सम्मेलन

**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच द्वारा बलिदान दिवस पर भारत मां के वीर सपूतों को 23 मार्च रविवार को गांधी मैदान कचहरी चौक में शाम 5 बजे से 9 बजे तक देश भक्ति गीत और कविता पाठ के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। इस दौरान विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, प्रवीण साहू, जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद ने समाज प्रमुखों, विविध समाजिक संगठनों, सर्व समाज के युवाओं से उपस्थिति की अपील की है।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक, प्यून की मौत



**धमतरी।** रात्रि में नेशनल हाईवे से गुजर रही बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे टकरा गई। इस घटना में बाइक चालक प्यून की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस के अनुसार जतिन नेताम पिता शैलेंद्र उम्र 31 वर्ष ग्राम कन्हारपुरी थाना कांकेर निवासी शिक्षा विभाग में प्यून के पद पर ग्राम दुर्गकोन्दल में पदस्थ था। युवक मंगलवार की रात्रि मोटरसायकल क्र. सीजी 17 एडी 4307 में सवार होकर चारामा से नेशनल हाईवे होते हुए रूद्री धमतरी जाने के लिए निकला था। इसी दौरान पुरूर के समीप सोनी ढाबा के पास एक ट्रक खड़ा था तभी तेज रफ्तार बाइक ट्रक के पीछे टकरा गई। घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।



■ पुरूर के पास हुआ हादसा

### आवंटन के इंतजार में जर्जर हुईं कई दुकानें, लोगों ने नहीं ली रुचि

# जहां व्यवसाय संभव नहीं, वहां शॉपिंग कामप्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

करोड़ों रुपए खर्च कर नगर निगम ने विभिन्न स्थानों पर 595 शॉपिंग काम्पलेक्स बनाया है। अधिकांश दुकानों का लोकेशन ऐसे स्थान पर है, जहां पर व्यवसाय करना संभव नहीं है। ऐसे में ये दुकानें सफेद हाथी साबित हो रही हैं। कई दुकानें तो ऐसी हैं, जिन्हें लेने में लोगों ने रूचि ही नहीं ली। ये दुकानें बिना उपयोग के ही जर्जर हो गई हैं।

आय का स्त्रोत बढ़ाने के लिए नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में करोड़ों की लागत से दुकानों का निर्माण किया गया है। अधिकांश दुकानें निर्माण से लेकर आवंटन तक भर्राशाही की भेंट चढ़ गई है। कई दुकानें ऐसी स्थानों पर हैं जहां पर व्यवसाय की गुंजाइश नहीं है। ऐसे में लोग इन दुकानों को किराए पर लेने के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। वहीं कई लोकेशन पर लोगों ने दुकानों को किराए पर तो ले लिया है, लेकिन दुकान खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। कुछ लोगों ने दुकानें खोली हैं। व्यवसाय ढंग से नहीं चलने पर वे भी दुकानों को बंद कर रहे हैं। स्थिति यह है कि किराएदारों ने नगर निगम को किराया भी देना बंद कर दिया है। अब नगर निगम के कर्मचारी घूम-घूम कर किराया वसूल रहे हैं। इतवारी बाजार में तो प्रथम तल पर बनाई गई 40 दुकानें अब तक नहीं खुल पाई हैं। उपर अवांछित तत्वों का डेरा रहता है। यही नहीं पूरा काम्पलेक्स गंदगी से पट गया है।



नहर नाका चौक



इतवारी बाजार काम्प्लेक्स

#### स्वावलंबन की दुकानों का बुरा हाल

मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर 150 से ज्यादा दुकानें बनाई गई हैं। इतवारी बाजार के पीछे ऐसे स्थान पर 20 दुकानें बनाई गई है, जहां पर कोई नहीं जाता है। ऐसे में इन दुकानों को लेने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है। यही कारण है कि अब तक 15 दुकानें खाली पड़ी हैं। पांच दुकानें किराए पर हैं, लेकिन इनमें ज्यादातर दुकानों का उपयोग नहीं हो रहा है। एकलव्य खेल परिसर में बनाई गई 14 दुकानों में से 4 दुकानों का अब तक आवंटन नहीं हो पाया है। नहरनाका चौक में भी 2 दुकानें खाली हैं। सोरिद वार्ड डिपोपारा की दो दुकानें बिना आवंटन के जर्जर हो चुकी हैं।

#### वसूली में हो रही परेशानी

बिना लोगों से राय लिए और सर्वे किए बनाई गई ये दुकानें अब नगर निगम के लिए मुसीबत बनती जा रही हैं। आवंटन होने के बाद भी लोग इन दुकानों में अपना व्यवसाय चालू नहीं कर पा रहे हैं। अब तो लोगों ने नगर निगम को किराया देना भी बंद कर दिया है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना में ही किराया नहीं देने पर नगर निगम ने 10 दुकानों को सील कर दिया है। अन्य योजनाओं का भी यही हाल है। हटकेशर में तो लोगों ने दुकानें खोली थी। धीरे धीरे कई दुकानें बंद हो चुकी है। उधर किराया वसूली में निगम के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### जहर सेवन से महिला की मौत



**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरगांव के छिंदीपारा निवासी सुमतिबाई नेताम पति जैन कुमार उम्र 43 वर्ष मजदूरी करती थी। त्योहार के दूसरे दिन शनिवार की शाम पति जैनकुमार गांव में बैठने चला गया। वहां से वापस घर आने के बाद पत्नी सुमतिबाई से खाना निकालने कहा। महिला खाना निकालने के बाद पड़ोसी मुरली गाड़ा के घर चली गई। जहां से शराब सेवनकर घर पहुंची। इसके बाद उनकी पति से कहासुनी हो गई। नाराज महिला ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवनकर लिया। महिला के उल्टी करने पर पति को जहर सेवन कर लेने की जानकारी हुई। महिला को उपचार के लिए नगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से महिला को सोमवार को रिफर कर जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान मंगलवार की रात्रि महिला की मौत हो गई।

# बिजली खंभे में तार खींचते लाइनमेन की करंट से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

■ ग्राम लुगे में पानी टंकी मुक्तिधाम के पास की घटना

बिजली पोल में चढ़कर काम कर रहे लाइनमेन की 11 केव्ही का करंट लगने से मौत हो गई। थाना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सरगी निवासी पूरन साहू पिता जीरजोधन साहू उम्र 35 वर्ष विगत 15 वर्षों से मोहंदी सब स्टेशन में लाइनमेन का काम करता था। 18 मार्च मंगलवार को ग्राम लुगे खार पानी टंकी मुक्तिधाम के पास पोल पर चढ़कर 11 केव्ही बिजली का नया तार खींचने का काम कर रहा था। शाम लगभग 5 बजे काम करते वक्त बिजली की सप्लाई अचानक चालू हो जाने से लाइनमेन पूरन साहू झुलसकर नीचे गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग मोहंदी सबस्टेशन का घेराव कर सबस्टेशन के जिम्मेदार कर्मचारी के खिलाफ विरोध किया।



मोहंदी बिजली सबस्टेशन से 18 मार्च को लुगे और एक अन्य जगह काम करने के लिए परमिट ली गई थी। एक जगह का काम होने के बाद सब स्टेशन ड्यूटी में पदस्थ ऑपरेटर ने लुगे परमिट को बिना पूछे बिजली सप्लाई चालू कर दी जिससे लाइनमेन की मौत हो गई। मृतक के पिता जीरजोधन साहू ने अपने बेटे की मौत के जिम्मेदार कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। मृतक लाइनमेन के तीन छोटी बच्ची है। शासन- प्रशासन से मुआवजा राशि की मांग की गई है। विद्युत ऑपरेटर घटना के बाद से फरार है। पुलिस जांच में जुटी है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

# गांव की जमीन पर कब्रिस्तान का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भटगांव में गांव की जमीन पर इसाई समुदाय के लोग कब्रिस्तान बनाना चाह रहे हैं। इसके लिए हाईकोर्ट के निर्देश पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जमीन आरक्षित की। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई, तो उन्होंने जमीन देने से इंकार कर दिया। विरोध प्रदर्शन करते हुए वे कलेक्टोरेट पहुंचे।

सरपंच फागूराम साहू के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 4-5 लोग धर्म परिवर्तन कर ईसाई समुदाय में शामिल हो गए हैं। अब उनके द्वारा श्मशाम भूमि की मांग की जा रही है। उनके द्वारा कब्रिस्तान के लिए किसी प्रकार का पंचायत प्रस्ताव नहीं बनाया गया है और न ही जमीन अलाट की गई है। जिला प्रशासन के अधिकरियों ने इसके लिए पंछी तालाब के नीचे जमीन आरक्षित की है। अधिकारियों से उन्हें जानकारी हुई कि हाईकोर्ट ने मिले आदेश के तहत जमीन आरक्षित की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस जमीन पर कब्रिस्तान बनाने की तैयारी की जा रही है, वहां पर पहले से ही हरदिहा साहू समाज और आदिवासी समाज भवन निर्माण का प्रस्ताव किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वैसे भी गांव में पहले से श्मशाम घाट है। ग्रामीणों को दूसरे श्मशान घाट की जरूरत नहीं है। यदि जबरदस्ती गांव की जमीन पर कब्जा किया जाता है तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए जमीन आवंटन के आदेश को निरस्त करने की मांग की है। मांग करने वालों में भेदराम ध्रुव, बिसौहाराम, भूपेंद्र, लक्ष्मीनारायण, धरम साहू, रवि साहू, हेमल, गौकरण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।





### ग्रामीणों ने किया ग्राम पंचायत के शराब दुकान खोलने के फैसले का विरोध

# 18 गांव के आंदोलन से बंद हुई थी शराब दुकान, अब खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम नारी में काफी संघर्ष के बाद शराब दुकानों को बंद कराया गया था। अब फिर से ग्राम पंचायत द्वारा गांव में शराब दुकान खोलने की मांग की जा रही है। उधर ग्रामीण इस शराब दुकान के विरोध में हैं। उन्होंने बताया कि यदि गांव में शराब दुकान खुलती है तो वे पहले से ज्यादा उग्र आंदोलन करेंगे।

बुधवार को ग्राम पंचायत नारी से कलेक्टोरेट पहुंचे रमेश कुमार, रेखराम, दिनेश कुमार आदि ने बताया कि साल 2017 तक ग्राम नारी में शराब दुकान संचालित थी। इससे हो रही समस्याओं को देखते हुए आसपास के 18 गांव के ग्रामीणों ने शराब दुकान हटाने के लिए एकजुटता दिखाई थी। 40 दिन से ज्यादा दिन तक अनवरत आंदोलन किया। उग्र प्रदर्शन किया। महिला पुरूष सभी शराब दुकान के सामने टेंट लगाकर दिन रात बैठे रहे। खाना पीना सब वहीं करते थे, तब जाकर शराब दुकान बंद हुई। अब ग्राम पंचायत थोड़े से राजस्व के लिए फिर से शराब दुकान खोलने की मांग कर रही है। शराब दुकान खुलने से परेशानी बढ़ जाएगी। उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए शराब दुकान नहीं खोलने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शराब दुकान खुलती है तो वे पहले से ज्यादा उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अप्रैल 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मार्च 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

**खबर संक्षेप**

### शनिदेव मंदिर में चोरी करने वाला नाबालिग पकड़ा गया

**मगरलोड।** ब्लॉक मुख्यालय में जनपद कार्यालय के सामने शनिदेव मंदिर स्थापित है। पुजारी द्वारा प्रतिदिन सुबह पूजा-अर्चना की जाती है। 17 मार्च सोमवार की सुबह 5 बजे पुजारी ने जब पूजा करने मंदिर में प्रवेश किया तो उन्हें पता चला कि दानपेटी का ताला तोड़कर राशि की चोरी कर ली गई है। पुजारी ने चोरी की जानकारी भक्तों को दी। इसके बाद पुजारी ने चोरी की जानकारी थाने में दी। इस मामले में तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने थाना प्रभारी राजेश जगत के मार्गदर्शन में 12 घंटे के अंदर नाबालिग चोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई रकम 15570 रूपये को जब्त किया गया। शनिदेव समिति के सदस्य संतोष साहू ने बताया कि नगर पंचायत में निवासरत देवार जनजाति की महिला एक चॉइस सेंटर में राशि जमा करने आई थी। घूम-घूमकर, लोहा, टिना, रद्दी कागज बीनकर जीवनयापन करने वाली पालीथिन में नोट रखकर जमा करने आई थी। शंका होने पर तत्काल थाना प्रभारी को फोन कर जानकारी दी गई। पुलिस आरोपी को पकड़ने सफल रही। चोर नाबालिग निकला।

जमीन बेचना है
0.48 हेक्टेयर (मुजगहन) धमतरी
0.542 हेक्टे. (हटकेशर) धमतरी
हाउसिंग बोर्ड के पास
धमतरी, दुर्ग रोड, धमतरी (छ.ग.)
- विक्रेता -
श्री धनेश्वरी मानव विकास मंडल
धाराशिव (महाराष्ट्र)
मो. 7987599489, 9637230735

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानव होली मीडिया के सामने, अंजनमंती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

समिति अध्यक्ष ने छाती में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग की

# छाती सोसाइटी में चना की खरीदी शुरू, पहले दिन 234 कट्टा की आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी 18 मार्च को शुरू की गई। समर्थन मूल्य 5650 रूपए पर 14 किसानों से 234 कट्टा चना की खरीदी की गई। पंजीकृत किसानों से प्रति एकड़ 6 क्विंटल चना खरीदा जायेगा। पंजीयन के लिए ओरिजिनल बैंक पासबुक, आधार कार्ड, बी1, ऋण पुस्तिका एवं मोबाइल लेकर आना होता है। चना साफ सुथरा, सूखा हुआ और मिट्टी-कंकर नहीं होने पर ही खरीदा जा रहा है।



शुभारंभ अवसर पर श्रीमती अंगिरा ध्रुव अध्यक्ष जपं धमतरी, दानेश्वरी तेजेंद्र यादव सरपंच छाती, नम्रता पालनहार दिली जनपद सदस्य छाती, केशवराम साहू उपाध्यक्ष जपं धमतरी, मिश्रीलाल पटेल अध्यक्ष भाजपा भोथली मंडल, ललित साहू प्राधिकृत अध्यक्ष छाती समिति, उमेश साहू वरिष्ठ भाजपा नेता धमतरी, बल्ला चंद्राकर पूर्व महामंत्री भाजपा, प्रीतम साहू महामंत्री, सत्या प्रभात साहू जनपद सदस्य सेहराडबरी, यतीश भूषण कंडेल समिति अध्यक्ष, पूरन ध्रुव, केके साहू शाखा प्रबंधक, तेजराम निर्मलकर उड़ेना सरपंच, शंभू निषाद पटवारी झिरिया, उमा श्रीमाली कृषि विभाग धमतरी, मनोज साहू कृषि विभाग अधिकारी छाती, त्रिवेणी छाती, बिहारीलाल साहू पर्यवेक्षक संबलपुर, खिलेश्वर चंद्राकर, हरेंद्र सिंनहा पर्यवेक्षक संबलपुर, संतराम साहू छाती, गैंदलाल बंजारे, जनक राठौर चना खरीदी अधिकारी, नीरज पटेल, नारद बंजारे, हेमराज साहू, घनश्याम साहू कंडेल मौजूद थे। अतिथियों ने किसानों से कहा कि वे अधिक से अधिक दलहन-तिलहन की उपज करें और समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं। जल संरक्षण के बारे में भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। समिति अध्यक्ष ने छाती में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने का मांग पत्र जनपद अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव को सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन समिति प्रबंधक नरेंद्र साहू व आभार व्यक्त समिति अध्यक्ष ललितराम साहू ने किया।

### भानु नपं में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**कुरुद।** विधायक अजय चंद्राकर ने नगर पंचायत कुरुद के लिए भाजपा नेता भानु चंद्राकर को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। भानु को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने पर पूर्व नपं अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर, मालकराम साहू, कृष्णकांत साहू, भोजराज चंद्राकर, सत्यप्रकाश सिन्हा, मूलचंद सिन्हा, सीतेश सिन्हा, मिथिलेश बैस, कविता चंद्राकर, अनुसुइया साहू, भारती पंचायन, भूपेंद्र सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया है।



### गायत्री परिवार की बैठक 23 को

**धमतरी।** गायत्री परिवार जिला संयुक्त समन्वय समिति की बैठक 23 मार्च को सुबह 11 बजे रिसाईपारा स्थित गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में माताजी के जन्म शताब्दी समारोह के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## गौरैया के संरक्षण के लिए घर में बनाया प्राकृतिक घोंसला

- गौरैया पक्षी आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही: जितेन्द्र

**20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस पर विशेष**



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

विलुप्त हो रही गौरैया के संरक्षण के लिए युवा समाजसेवी जितेन्द्र साहू खिसोरा ने बेहतरीन पहल की है। संजय साहू ने पिछले वर्ष से अपने घर में कई घोंसलों का निर्माण किया है।

जितेंद्र ने कहा कि गौरैया विश्व के लगभग सभी देशों में पाई जाने वाली पक्षियों की सबसे पुरानी प्रजाति है जो आज विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। ये गौरैया भी हमारी संस्कृति का हिस्सा है, जिसके संरक्षण की जरूरत है। घर में दर्जनों घोंसले बनाए गए हैं जिसमें सिर्फ गौरैया ही नहीं अन्य पक्षी वर्ष भर चहकते रहते हैं जिसे देख सुखद अनुभूति होती है। गौरैया एक ऐसी पक्षी है जो मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है, जो आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। अगर हम अब भी नहीं चेते तो वह दिन दूर नहीं जब मानव जीवन का सबसे पुराना साथी और सहयोगी सिर्फ किताब के पन्नों, किस्से कहानी और तस्वीरों में ही नजर आएगी। पुराने गत्ते या पीपा जैसी चीजों से हम घर में आसानी से घोंसला बना सकते है। गौरैया नवंबर से लेकर बारिश की शुरुआत तक खासकर मार्च, मई माह तक घोंसले का निर्माण करती है।

## सिलघट के सरपंच एवं पंचों ने की विधायक से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर से रायपुर स्थित उनके निवास में सिलघट पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने भेंट की। इस मुलाकात में विकास और जनसेवा के संकल्प को मजबूत किया गया। मौके पर सरपंच कृष्णा चेतन सोनकर, उपसरपंच जीवन सिन्हा, पंचगण मंजु ध्रुव, पुष्पा साहू, टामिन साहू, गीता सिन्हा, नंदनी साहू, सेवती सोनकर, विजय देवांगन, दौलत देवांगन, गोमती सोनकर, रूपा सिन्हा, राजेश्वरी साहू, जितेंद्र साहू, खैमराज साहू, भाजपा नेता भोलाराम साहू, मनीष सिन्हा उपस्थित थे।

## गोजी के नितिन का जल सेना में चयन

- 4 महीने की ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटे, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



ग्राम गोजी निवासी नितिन कुमार पिता छत्रपाल साहू का चयन जल सेना (नेवी) मे हुआ है। मात्र 20 वर्ष की आयु में ही कठोर परिश्रम से जल सेना के लिए चयनित हुए। उन्हें 4 महीने की ट्रेनिंग उड़ीसा में दी गई। 17 मार्च को अपनी पहली ट्रेनिंग पूरी करके गृहग्राम लौटे तो ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। हार, गुलाल एवं बाजे-गाजे से स्वागत कर उनकी इस उपलब्धि की सराहना की गई। नितिन ने बताया कि उनकी पहली ट्रेनिंग काफी रोचक और सफल रही। अप्रैल से उनकी दूसरी ट्रेनिंग भी शुरु हो जायेगी।

इस उपलब्धि पर विधायक अजय चंद्राकर, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद सदस्य दिलीप चक्रधारी, गोजी सरपंच जयमित्र साहू, पूर्व सरपंच वीणा देवी साहू, उपसरपंच भेपेंद्र साहू, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष केपी साहू अध्यक्ष, संरक्षक मुरारीलाल साहू, मार्गदर्शक टिकेश साहू, सहसचिव अजयपुरी गोस्वामी, अजय नामदेव, मगरलोड ब्लॉक प्रभारी केबी राम सिन्हा, दाऊदास वैष्णव, ठाकुरराम साहू, भूषण साहू, संजय साहू, युवराज साहू, मिट्ठूराम साहू, रोजगार सहायक एकेन्द्र साहू, साहू समाज अध्यक्ष तुकाराम साहू, शिक्षक नागेश्वर साहू, अरुण साहू, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने खुशी जाहिर की है।

## सोनेवारा में पंचायत प्रतिनिधियों ने मनाया होली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम पंचायत सोनेवारा के जनप्रतिनिधियों ने होली मिलन का आयोजन किया। पंचायत कार्यालय में सरपंच, पंचों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सरपंच सुरेखा निषाद, उपसरपंच पुष्पा सिन्हा, पंच शशिबाई निषाद, गीताबाई पनिका, जेठिनबाई गोड़, परमानंद निषाद, माधुरी निषाद, पूनाबाई कंवर, हेमाबाई यादव, अजय ध्रुव, रूपसिंग कंवर, भुनेश्वर निर्मलकर, सचिव रामप्रसाद साहू, रोजगार सहायक मद्रिका निषाद, कोटवार कोमल मानिकपुरी, फूलचंद सिन्हा, विकास निषाद, नरेश सिन्हा, सालिक निषाद उपस्थित थे।

## स्वर्णकार समाज मेहनतकश और शिक्षित

- स्वर्णकार समाज के होली मिलन समारोह में शामिल हुए जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





मगरलोड तहसील स्वर्णकार सोनी समाज का होली मिलन समारोह ग्राम मोतिमपुर में आयोजित हुआ।। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू ने कहा कि सोनी समाज के लोग शिक्षित, सरल हैं। वे समाज के विभिन्न क्षेत्र में योगदान दे रहे है। उन्होंने समाज की मजबूती को लेकर काम करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य मीना साहू ने कहा कि स्वर्णकार समाज मेहनतकश समाज है जो आभूषण तैयार कर महिलाओं के श्रृंगार में चार चांद लाता है। समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता संरक्षक देवनाथ सोनी ने कहा कि समाज की मजबूती और एकता के लिए इस तरह के कार्यक्रम होने चाहिए। इससे समाज में एकता स्थापित होगी। अध्यक्षता कर रहे स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष सन्तोष सोनी ने कहा कि ब्लॉक में अनेक गांव में सोनी समाज निवासरत हैं। उन्होंने समाज के लोगों को एकता स्थापित करने दुख और सुख की घड़ी में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने समाज की मजबूती पर बल दिया। मंच संचालन ताराचंद सोनी ने किया। अभार व्यक्त तहसील सचिव नारद सोनी ने किया।

मौके पर भागबती सोनी, पदमनी सोनी, शशि, डाली सोनी, भीखम, परस, हिरामन, हेमलेश, मिथिलेश, गगन, चन्द्रहास, रामजी, ओंकार, तुलेश, उमेश, ओमप्रकाश, खिलावन, लखन, प्रेमनारायण, मनोज, कमलेश, शत्तु, रमेश, संतोष, पूरन, निमेश, लखन, धन्नु, जितेन्द्र, टिकेश्वर, गोपाल, प्यारेलाल सोनी उपस्थित थे।

### सुकन्या योजना का लाभ मिला

होली मिलन समारोह कार्यक्रम में तहसील स्वर्णकार समाज मगरलोड की सुकन्या विवाह योजना अंतर्गत मोतिमपुर निवासी संतोष सोनी पुत्री के विवाह के लिए दो हजार की राशि समाज द्वारा दी गई। यह राशि मुख्य अतिथि ने भेंट की। समाज के संरक्षक देवनाथ सोनी कुरूद द्वारा भी 2000, जिपं सदस्य श्रीमती मीना डेमू साहू द्वारा 1000 रूपए दिए गए। इस प्रकार कुल 5000 रूपए प्रदान किए गए।

### रावनगुड़ा के ग्रामीणों ने मनाई होली



**सिर्री।** ग्राम रावनगुड़ा में होली का त्योहार उत्साह से साथ मनाया गया। साहू समाज के अध्यक्ष अमरसिंग साहू, राजेश साहू, त्रिलोक यादव, कामता यादव, श्रवण साहू, डाकेश साहू, नवीन प्रकाश साहू, चंद साहू, आकाश साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने भी परस्पर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां बांटी।

### सेमरा सरपंच ने किया न्योता भोज का आयोजन



**जीजामगांव।** ग्राम सेमरा बी की सरपंच चुने जाने पर श्रीमती दुर्गा सिन्हा ने सोमवार को शासकीय माध्यमिक बालक एवं कन्या शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। अतिरिक्त आहार के रूप में खीर, पूड़ी, बड़ा एवं मिठाई वितरित की गई। साथ ही बच्चों को पेन का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक मोतिम साहू, राजेन्द्र टंडन, शिक्षकगण मंजु सिन्हा, घनश्याम प्रसाद वर्मा, महेन्द्र साहू, डगेश्वर प्रसाद साहू एवं पुरुषोत्तम सेन उपस्थित थे।

## आपसी सद्भावना और भाईचारे के साथ कदम बढ़ाने का लिया संकल्प

- होली मिलन समारोह में शामिल हुए कोसरिया और झेरिया धोबी समाज के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



कोसरिया धोबी समाज सिहावा परिक्षेत्र के ग्राम हिंछापुर सांकरा के सामाजिक भवन में होली मिलन समारोह हुआ। समारोह में कोसरिया धोबी समाज द्वारा झेरिया धोबी समाज के नगरी परिक्षेत्र के स्वजातीयजन एवं पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष भरत निर्मलकर और क्षेत्रीय अध्यक्ष चमन निर्मलकर के साथ पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि गाडगे बाबा की पूजा अर्चना कर किया गया। दोनों समाज के प्रमुख वक्ताओं ने एक होकर आपसी सद्भावना और भाईचारा के साथ मिलकर कदम बढ़ाने की बात कही। झेरिया समाज जिलाध्यक्ष भरत निर्मलकर ने पुराने नियम कानून जो दोनों समाज को बांटने का कार्य करते थे, उन्हें मिटाकर आपसी सामंजस्य और समझदारी से काम करते रहने की सलाह दी। कोसरिया धोबी समाज के महासभा अध्यक्ष शारदा प्रसाद ग्वाले ने कहा कि आज का यह दिन हमारे समाज के इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। जिस सामाजिक एकता और आपसी संबंधों को बढ़ाने की बात कहते थे आज वह पूरा हो गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष देवचरण नागे ने रोटी बेटी लेनदेन प्रारंभ करने की बात कही।

कार्यक्रम में कोसरिया धोबी समाज छत्तीसगढ़ उड़ीसा राज के अध्यक्ष शारदाप्रसाद ग्वाले, संगठन मंत्री धुनीलाल ग्वाले, सिहावा परिक्षेत्र अध्यक्ष देवचरण नागे, पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल ग्वाले, कोमलसिंह नागे, मनोहरलाल ग्वाले, सहसचिव रमेश नागे, कोषाध्यक्ष विश्राम नागे, पूर्व महासभा सचिव अशोक नागे, ललित नागे, सोमन नागे, घन्नू नागे के साथ झेरिया धोबी समाज जिलाध्यक्ष भरत निर्मलकर, नगरी परिक्षेत्र अध्यक्ष चमन निर्मलकर, सचिव घासी निर्मलकर, डायमंड निर्मलकर, ललित निर्मलकर, राजकुमार निर्मलकर, प्रकाश निर्मलकर, रामजी निर्मलकर, ललित निर्मलकर, लक्ष्मन निर्मलकर उपस्थित हुए और होली मनाकर वर्षों पुरानी वैचारिक एवं व्यावहारिक दिक्कतों को दूर किया। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कवलीबाई नागे, सचिव नीराबाई नागे और कोषाध्यक्ष कुसुम नागे भी उपस्थित रहीं। महासभा अध्यक्ष शारदाप्रसाद ग्वाले ने आभार व्यक्त किया।

## कुम्हारी में मनाया गुरु बालकदास का शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी





सतनामी समाज ग्राम कचना परिक्षेत्र के तत्वावधान में ग्राम कुम्हारी में गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र गुरुबालक दास की शहादत पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समाज के सचिव रूपेंद्र बघेल ने कहा कि रावटी प्रथा के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का प्रयास किया और सुव्यवस्थित समाज का निर्माण किया। गुरु बालक दास की शहादत समाज को हक, अधिकार के लिए लड़ने की प्रेरणा देती रहेगी।

इस अवसर पर ग्राम कोड़ेबोड के पं. दशरथ सिंह और डेरहा गायकवाड़ का चौका आरती और मंगल भजन हुआ।

कार्यक्रम में बलराम टंडन उपसरपंच, पूरण सोनवानी, मनोज बघेल, दीपक मीरे, डेरहा सोनवानी, पंचराम गेंडरे, काशी सोनवानी, छवि बघेल, हेमलाल बघेल, प्रवीण बघेल, अनेश्वर यादव, अलकू ध्रुव, सुखचंद ध्रुव, दिलीप ध्रुव, कुलेश्वर यादव, मिलापाबाई, द्रौपदी घृतलहरे, हेमाबाई गेंडरे, तारा बघेल, रोशनबाई, नोनीबाई, भूपेश बघेल, डिगेश घृतलहरे, तरुण जांगड़े, कन्हैया चंदेल, लक्ष्मी मीरे, विनय बघेल, पुरुषोत्तम बघेल, तेजलाल बघेल, जितेंद्र सिरमौर उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari
आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम शुरू



**धमतरी।** आर्ट ऑफ लिविंग की धमतरी इकाई द्वारा 20 मार्च को इंटरनेशनल डे आफ हैप्पीनेस के उपलक्ष्य में 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन 18 से 23 मार्च तक स्थानीय कबीर आश्रम रत्नाबांधा रोड में किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रशिक्षिका सुमिता पंजवानी ने बताया कि इस कार्यशाला में तनाव प्रबंधन की व्यवहारिक तकनीक, भावनाओं पर नियंत्रण व संतुलन पर प्रशिक्षण कोमल थवाइत, रमाकांत सरोज एवं पीएन साहू द्वारा दिया जायेगा

### फौजी ने बच्चों को दी स्टेशनरी सामग्री



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला धौराभाठा में 5वीं एवं 8वीं के बच्चों को असम राइफल्स के जवान ओमप्रकाश सोरी धौराभाठा निवासी ने परीक्षा उपयोगी स्टेशनरी सामग्री बांटी। पेन, स्केल, शीश, रबर, कटर प्रदान किया। उन्होंने बच्चों को पूरी लगन के साथ परीक्षा की तैयारी करने हेतु प्रेरित किया। कहा कि लक्ष्य निर्धारण एवं समय का प्रबंधन से सफलता निश्चित मिलती है। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ग्वालसिंग साहू, धनंजय साहू, प्रधानपाठक लीलाराम साहू, शिक्षक स्टाफ राकेश चंद्राकर, रोशनलाल ध्रुव, तामेश्वरलाल निषाद, हेमलता रात्रे, नोरेन्द्र जोशी, पूर्णिमा साहू, त्रियामा ध्रुव, मीरा ध्रुव, पार्वती ध्रुव, रैमून सिन्हा, दुबेराम सोरी, चमेली सोरी, भारती सोरी उपस्थित थे।

### अग्रवाल समाज के होली मिलन में शामिल हुए महापौर



**धमतरी।** श्री अग्रवाल समाज व्दारा अग्रसेन भवन में रंगोत्सव समारोह अंतर्गत फूलों की होली एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। अन्य अतिथि निगम आयुक्त प्रिया गोयल, सुंदरगंज वार्ड पार्षद नरेंद्र रोहरा एवं सदर दक्षिण वार्ड पार्षद अनीता अग्रवाल थी। इस अवसर श्री रोहरा ने कहा कि अग्रवाल समाज द्वारा बहुत ही सुंदर होली मिलन का आयोजन किया गया है। आगे कहा कि धमतरी के विकास में अग्रवाल समाज का मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने समाजजनों से अनुरोध किया कि शहर विकास में हमेशा साथ दें।

### साय सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था को संभालने में विफल : ओंकार

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार अपराध के सारे रिकार्ड तोड़ चुकी है। कानून व्यवस्था से अपराधियों के गठजोड़ ने नागरिकों का जीवन दूभर कर दिया है। छत्तीसगढ़ में जिस तरह



से अपराध बढ़ रहे हैं, वह चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से मौन है। अपराधी बेलगाम और हौसले बुलंद हो चुके हैं। अभी हाल ही में धमतरी में एक युवक की खुलेआम चाकू से हत्या कर दी गई। मर्डर का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में आरोपी युवक चाकू से लगातार एक युवक पर 25 से 30 बार वार करते दिखा है। आरोपी ने वारदात के बाद खून से सने चाकू की तस्वीर भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। साथ ही धमकी भरा संदेश भी लिखा कि सबको मारूंगा, जेल में मेरा राज है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इससे सिद्ध होता है विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार में अपराधियों को कानून से कोई डर नहीं है। साय सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था को संभालने पूरी तरह विफल है।

### अधिक से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने की कवायद

- 20 मार्च को पोटियाडीह और 21 मार्च को सोरम में लगेंगे शिविर

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा जिले के अधिक से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार अथवा स्वरोजगार से जोड़ने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके परिपालन में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में आगामी दिनों में कम्प्यूटर हार्डवेयर का निःशुल्क प्रशिक्षण युवाओं को दिया जाएगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति और एक पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन किया जा सकता है। इस प्रशिक्षण से जिले के दूरस्थ और ग्रामीण अंचल के युवाओं को जोड़ने और प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से लाईवलीहुड कॉलेज की ओर से ग्राम पंचायत पोटियाडीह और सोरम में शिविर लगाया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि 20 मार्च को दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक ग्राम पंचायत भवन पोटियाडीह और 21 मार्च को दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक ग्राम पंचायत भवन सोरम में शिविर लगाए जाएंगे।

### मानस समिति के अध्यक्ष संजय, उपाध्यक्ष बालमुकुंद बने




**नगरी।** श्री मानस सम्मेलन समिति सेमरा में त्रिदिवसीय मानस सम्मेलन आयोजन के लिये नये पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध तरीके से किया गया। अध्यक्ष संजय साहू, उपाध्यक्ष बालमकुण्ड डोटे, मुकेश साहू, गोमती देवांगन, झामिन साहू, सचिव नरेश देवांगन, सहसचिव कमल सेन, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत देवांगन (पप्पू) बनाए गए। कविता ध्रुव सरपंच, संदीप देवांगन उपसरपंच, सभापति धरमराज देवांगन, बलाराम देवांगन, रामू साहू, नेहरू साहू, गामेश साहू, गोपाल, पवन साहू, लक्ष्मण सिन्हा, महिला मंडल की सदस्यों व ग्राम सेमरा धरमपुर, नयापारा, डीहीपारा के ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### करेली बड़ी में होली पर्व की रही धूम

**मगरलोड।** उपतहसील करेली बड़ी समेत आसपास गांव में होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। पूरा क्षेत्र होली के रंग में डूबा रहा। करेली बड़ी में होली पर्व पूरे शबाब पर था। 13 मार्च की रात्रि में ग्राम विकास समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, बैगा ने होलिका दहन कर गांव की सुख समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन लोग सुबह से दोपहर तक रंग गुलाल लगाए। बड़ों का गुलाल लगाकर छोटों ने आशीर्वाद लिया।

जनपद पंचायत परिसर में अपनी मांगों को लेकर कर रहे हैं आवाज बुलंद

# पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से सरकारी कामकाज हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छग में पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं जिससे ग्रामीण इलाकों में कई काम प्रभावित हो रहे हैं। सचिवों की मांग है कि पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए। हड़ताल के कारण कुरुद विकासखंड समेत धमतरी जिले में पीएम आवास योजना के सर्वे का काम अटक गया है।

दरअसल प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के आव्हान पर ग्राम पंचायत सचिव अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर जनपद पंचायत परिसर के भीतर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। सचिवों का कहना है कि वे लंबे समय से छग सरकार से शासकीयकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। संघ ने सरकार से सचिवों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की है।

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर प्रीतिराम नायक रेखराम साहू, गीतेश्वर साहू, शेखूराम साहू, चम्पेश्वर साहू, राधाकृष्णन साहू, विशालराम नगारची, लुकेश साहू, दिनेश निषाद, तामेश्वर साहू, तेजराम अंसारी, प्रभारी जागेश्वर बैस, टोकेश्वर बैस, नरेंद्र साहू, महावीर प्रसाद, पुष्पा साहू, हिरेश्वरी चन्द्राकर, कन्या बघेल, माधुरी साहू, युवराज साहू, दुकालु दीवान, डेरहूराम यान, नारायण साहू, तोरण वर्मा, प्रेमलाल साहू, चन्द्रकुमार बंजारे, भारतलाल सिन्हा, तुलाराम साहू, मनीष सिन्हा, गेंदलाल, लालाराम तारक, कृष्ण कुमार साहू, हीरासिंग ठाकुर, मोहनीश देवदास, देवाराम साहू, तुषार जांन, महेश साहू, महेन्द्र साहू, प्रेमसिंग बैठे हैं।



#### घोषणा अनुरूप मोदी की गारंटी नहीं हुई पूरी

संघ के सचिव वेदप्रकाश साहू, उपाध्यक्षगण सुदर्शन साहू, कन्हैया देवांगन, शीला साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा मोदी के गारंटी के अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। जिस पर पंचायत सचिवों को आशा थी कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण की सौगात मिलेगी किन्तु बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नही करने के कारण प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आक्रोशित हैं। इसलिए ब्लाक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल तथा 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने का निर्णय लिया गया है।

#### पीएम आवास के सर्वे का काम अटका

ब्लाक इकाई कुरुद के सचिव संघ अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर का कहना है कि मांग को लेकर पहले भी कई बार हड़ताल हो चुकी है, मगर हर बार सरकार की तरफ से केवल आश्वासन मिला। हड़ताल के चलते पंचायतों में चल रहे शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। खासतौर पर प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे महत्वपूर्ण सर्वे और अन्य योजनाओं के कार्य रुकने की स्थिति बन गई है।

## पंचायत सचिव संघ हड़ताल पर



- शासकीयकरण की मांग को लेकर धरने पर बैठे, मोदी की गारंटी के अमल नहीं होने से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

छग प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर ब्लॉक पंचायत सचिव शनिदेव मंदिर प्रांगण में 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। 2023-24 के विधानसभा और लोकसभा चुनाव के समय मोदी की गारंटी को पूरा करने की गारंटी के आश्वासन के बाद भी आज तक शासन द्वारा किसी प्रकार की सुनाई नहीं से आक्रोशित पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। 17 मार्च को विधानसभा घेराव करने के बाद 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। मांगों के पूरा नहीं होने पर 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव किया जायेगा।

संघ के सलाहकार भुवनप्रकाश सिन्हा, सचिव चपेश्वर यादव, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश साहू ने बताया कि 1995 से पंचायत सचिव अब तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर आमजनता को लाभान्वित कर रहे हैं। ग्राम विकास में पंचायत सचिवों की अहम भूमिका रही है। पंचायत सचिवों ने लिखित आवेदन में बताया कि 7 जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष सहित सभी जिम्मेदार मंत्रियों की उपस्थिति में पंचायत सचिव को शासकीयकरण का भरोसा दिलाते हुए मोदी की गारंटी को पूरा करने तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा की थी। 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठित कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया था। विधानसभा बजट सत्र में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण विषय पर कुछ भी चर्चा नहीं होने से आक्रोशित पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। इससे पंचायत के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### हिन्दू संगठन सांकरा के प्रवीण अध्यक्ष बने



- रामनवमी पर्व की तैयारी को लेकर कार्ययोजना बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम सांकरा में हिन्दू संगठन की बैठक हुई जिसमें अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। संयोजक हितेश महेश सिन्हा, अध्यक्ष प्रवीर साहू, उपाध्यक्ष यश साहू, कोषाध्यक्ष भरत पटेल, सचिव डेविड साहू, सहसचिव पोखराज तारक, संचालक टेकांत सोनी, मीडिया प्रभारी आशु सोनी बनाए गए। सदस्यों में विक्की साहू, दयानंद साहू, चिरंजीव साहू, सुनील, नवदीप, ऋतिक, सौरभ, अनिकेत , मनीष साहू, रोमन, टीकू, नीरज तिवारी, दुर्गेश, अमित भंडारी शामिल हैं। इस दौरान युवा हिन्दू संगठन की बैठक हुई जिसमें रामनवमी पर्व की तैयारी को लेकर कार्ययोजना बनाई गई।

# विधायक ने बिजली कटौती और बोर खनन अनुमति में भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरा

- किसानों के खिलाफ षड्यंत्र कर रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने छग की भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार किसानों के अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कृषि और सिंचाई से जुड़ी योजनाओं को रोककर, बिजली कटौती और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है, जिससे किसानों की आजीविका संकट में आ गई है। भूपेश सरकार की योजनाओं



को बंद किया। विधायक मरकाम ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में भूपेश बघेल सरकार ने किसानों के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की थीं, जिनमें प्रमुख रूप से हाफ बिजली बिल योजना थी। किसानों को बिजली बिल में 50% तक की छूट दी गई। सौर सुजला योजना के तहत किसानों को सोलर पंप दिए गए ताकि बिजली कटौती का असर न पड़े। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से जिसमें किसानों को आर्थिक सहायता दी गई। उन्होंने आगे कहा कि सिहावा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे किसानों की फसले सूख रही है। विधायक ने आगे कहा कि यह भाजपा सरकार की सोची-समझी साजिश है, जिसके तहत किसानों को खेती से हतोत्साहित किया जा रहा है। रबी फसल के दौरान सबसे ज्यादा बिजली की जरूरत होती है, लेकिन इस समय जानबूझकर बिजली कटौती की जा रही है। भूपेश सरकार ने किसानों को सस्ती और निर्बाध बिजली देने की गारंटी दी थी, लेकिन भाजपा सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही और बिजली दरों में भी इजाफा कर दिया है। विधायक ने कहा कि किसानों के लिए बोर खनन अब एक बड़ी समस्या बन गया है। भाजपा सरकार ने नियमों को जटिल बना दिया है, जिससे किसानों को बोरिंग की अनुमति लेना मुश्किल हो गया है। बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के बोरिंग की अनुमति नहीं दी जा रही। पटवारी और पीएचई विभाग जानबूझकर किसानों को एनओसी नहीं दे रहे। विधायक ने आगे कहा कि यदि जल्द ही बिजली कटौती की समस्या का समाधान नहीं किया गया और किसानों को बोर खनन की अनुमति निःशुल्क नहीं दी गई, तो वे किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगी।

# जिले के किसान करेंगे मखाना की व्यावसायिक खेती

- कलेक्टर ने दिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश
- तकनीकी प्रशिक्षण सहित बीज से लेकर मार्केटिंग तक किसानों को मिलेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और कृषि नवाचार को बढ़ावा देने के विजन के तहत धमतरी जिले के किसान जल्द ही व्यायसायिक स्तर पर मखाने की खेती करेंगे। किसानों की आय बढ़ाने और तकनीक का उपयोग कर अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से मखाने की खेती के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने इसके लिए रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों, मखाने की खेती कर रहे प्रगतिशील किसानों सहित जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, नाबार्ड और नैफेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की है। बैठक में कृषि वैज्ञानिक डॉ गजेंद्र चंद्राकर और राखी व दरगहन में मखाने की खेती कर रहे प्रगतिशील किसान भी मौजूद रहे।

बैठक में कृषि वैज्ञानिक डॉ चंद्राकर ने धमतरी जिले के मौसम और लो लैंड खेतों को उपयुक्त बताया। उन्होंने धमतरी जिले में मखाना उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुए बड़े पैमाने पर इसकी खेती के लिए किसानों को तैयार करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने बैठक में श्री चंद्राकर से मखाने की खेती की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने मखाने की खेती के लिए किसानों का चयन करने की जिम्मेदारी कृषि, उद्यानिकी, पंचायत-ग्रामीण विकास और मछलीपालन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को दी। कलेक्टर ने कहा कि मखाने की खेती के लिए किसानों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। मखाने के बीज से लेकर फसल की देखरेख और अच्छे उत्पादन के लिए तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। कलेक्टर ने मखाने की खेती के लिए किसानों को कृषि और उद्यानिकी विभाग से शासकीय अनुदान और सहायता भी उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने मखाने की प्रोसेसिंग के लिए स्थानीय स्तर पर यूनिट लगाने के लिए उद्योग विभाग और नाबार्ड के अधिकारियों से भी बात की।

कृषि वैज्ञानिक श्री चंद्राकर ने बताया कि धान के बदले मखाना की खेती से किसान दो गुना फायदा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक एकड़ धान की खेती से किसानों को जहां औसतन 75 हज़ार रुपए का फायदा मिलता है, वहीं एक एकड़ में मखाना की खेती से औसतन डेढ़ लाख रुपये तक का लाभ मिल सकता है। डॉ चंद्राकर ने बताया कि मखाने की फसल छह माह की अवधि की होती है। यह फसल एक फीट से लेकर डेढ़ फीट तक के पानी से भरे खेत में ली जाती है। एक एकड़ रकबे में लगभग चार हज़ार पौधों का रोपण किया जाता है, जिससे औसतन दस क्विंटल उपज मिलती है। छतीसगढ़ में उगने वाला मखाना साइज में बड़ा और स्वाद में अन्य राज्यों के मखाने से बेहतर है। इसे बीज के रूप में बेचने पर डेढ़ से दो लाख रुपए प्रति एकड़ और प्रोसेसिंग कर बेचने पर प्रति एकड़ तीन लाख रुपए तक का फायदा लिया जा सकता है।

## नगरी व सिहावा शराब दुकान के समीप चल रहा चखना सेन्टर



- आबकारी विभाग बन रहा अंजान
- मिलीभगत से अवैध चखना सेन्टर संचालित हो रहा ?

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 1 डमकाडीही व सिहावा शराब दुकान के समीप चखना दुकान संचालित हो रही है। शासन के निर्देशानुसार 2024 में चखना दुकान संचालित करने के लिए टेंडर निकाला गया था जिसमें टेंडर एक व्यक्ति को दिया गया था और करीब 1 साल तक चलाया गया और नया साल 2025 में टेंडर संचालित किया जाना था मगर कुछ महीनों से शासन के नियमानुसार टेंडर समय अवधि समाप्त कर दी गई है उसके बाद भी चखना दुकान उस व्यक्ति द्वारा अंग्रेजी दुकान के समीप संचालित किया जा रहा था और उस चखना सेंटर को आखिर दूसरी जगह क्यों स्थापित किया गया। उस चखना सेंटर को दूसरी जगह स्थापित कर संचालित किया जा रहा है। चखना दुकान बिना मापदंड के चल रही है। इस संबंध में आबकारी विभाग के अधिकारी अजय मारकंडे से संवाददाता को दूरभाष पर जानकारी लेने पर बताया कि पहले जो शराब दुकान के समीप चखना सेन्टर संचालित था, उसे वहां से हटाया गया है। उनकी कार्य अवधि समाप्त हो चुकी था पर अब भी नगरी, सिहावा, शराब दुकान के समीप चखना दुकान संचालित हो रही है तो इस मामले को दिखवाता हूं।

शिविर में आईटीआई कुरूद के 24 प्रशिक्षणार्थी ले रहे भाग

# सिवनीकला में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री






ग्राम पंचायत सिवनीकला में रासेयो के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कुरूद द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का का आयोजन 18 से 24 मार्च तक किया गया है। शिविर का शुभारंभ 18 मार्च को गांव के सागर गौशाला स्थल पर किया गया। जिसमें आईटीआई कुरूद के 24 प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही। आईटीआई कुरूद से चमनलाल पाल कार्यक्रम अधिकारी एवं डा. डीएस रघुवंशी कार्यक्रम समन्वयक हैं। कार्यक्रम की मुख्य सरपंच लता जीतेश्वर ध्रुव मौजूद रहीं। विशिष्ट अतिथि टेकराम साहू जनपद सदस्य सिवनीकला, ग्राम प्रमुख दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, सुरेश तारक ग्राम पटेला, दीपदान साहू उपसरपंच, सुशील साहू पूर्व जनपद सभापति थे। इसके अलावा कपिलदेव पटेल, जीतेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, दीपदान साहू उपसरपंच एवं पंचगण सुरेश साहू, लोमश साहू, अंकुश चंद्राकर, कृष्ण तारक, सुषमा पेमन साहू, कुसुम मनोज पटेल, सरस दुष्यंत साहू, ममता सेन शामिल रहे। इस अवसर पर सरपंच लता ध्रुव, जनपद सदस्य टेकराम साहू ने कहा कि रासेयो शिविर से जनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिलती है। समस्याओं के निवारण की जानकारी हेतु शिविर महत्वपूर्ण है। दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू, कपिल पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ सामाजिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। जनता की सेवा करना भी उद्देश्य होना चाहिए। सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रतिदिन योगध्यान, श्रमदान, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बौद्धिक परिचर्चा दोपहर 2 से 4 बजे तक होगी। 19 मार्च को नशा मुक्त भारत, 20 को महिला सशक्तिकरण, 21 को फसल चक्र एवं जल संवर्धन, 22 मार्च को साइबर क्राईम समस्या पर व्याख्यान होगा। परियोजना कार्य में संपूर्ण स्वच्छता संबंधित कार्यक्रम, शिक्षादान, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी दी जायेगी।

### होली पर मिठाई बांटकर बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

**सिर्री।** होली का पर्व संकरी में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर महेन्द्र साहू, योगेश साहू, यादराम, नेताराम साहू ने सभी घरों में पहुंचकर लोगों को रंग गुलाल लगाया। घरों में मिठाई भेंट की। बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। विदित हो कि योगेश एवं महेंद्र साहू इस प्रकार के अनोखे कार्य करते रहे हैं। समाज और गांव के प्रति सेवाभाव लेकर काफी कार्यक्रम पहले भी उनके द्वारा कराए जा चुके हैं। ग्राम के बुजुर्गों का सम्मान समारोह, सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान समारोह, सेवा समिति के सदस्यों का सम्मान जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। इस बार होली में सभी को मिठाई बांटने, रंग गुलाल लगाने प्रत्येक घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उन्हें इस प्रकार से सेवाभाव कार्यक्रम से आत्मिक खुशी मिलती है। मार्गदर्शक में रूप में रामखिलावन साहू, पवन साहू, राजेन्द्र, गज्जू साहू, रमेश, दीनदयाल साहू का सहयोग मिलता है।

**खबर संक्षेप**



### जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल का प्रथम सम्मिलन कल

**दुर्गूकोंदल।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल की प्रथम सम्मिलन 21 मार्च को रखा गया है। जनपद पंचायत दुर्गूकोदल के मुख्य कार्यपालन सीईओ ने बताया कि अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव के पश्चात प्रथम सम्मेलन 21 मार्च को जनपद के सभाकक्ष में प्रातः साढ़े 10 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत जैसाकर्रा से चारामा जाने वाले मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मृतक 49 वर्षीय जीवन लाल भुआर्य सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। घायल को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज उपरांत मृतक को घर लाया गया। अचानक तबियत खराब होने पर अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी 18 मार्च को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत रानीडोंगरी निवासी 40 वर्षीय अर्जून उईके ने 17 मार्च को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। रानीडोंगरी निवासी सुकदेव उईके ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत 72 वर्षीय मानको बाई सलाम ने अज्ञात कारणो के चलते 18 मार्च को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। अमोड़ी निवासी सखाराम सलाम ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। मृतिका ने फांसी क्यो लगाई यह पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत साल्हे चौक के पास ट्रक की टक्कर से बाईक में सवार व्यक्ति को गंभीर चोट आया। घायल को ईलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसके मौत होने की पुष्टि किया। टेकाढ़ोड़ा निवासी 42 वर्षीय अर्जुन सिंह ने पुलिस को बताया कि किसानी काम करता हूं और 17 मार्च की रात को घर में खाना खाकर रिश्तेदार थानूराम ध्रुव एवं शैलेश्वर निर्मलकर को साल्हे चौक छोड़ने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीपी 9195 में सवार होकर निकला था। वाहन को मै चला रहा था और मेरे पीछे थानूराम व शैलेश्वर बैठा था। 17 मार्च की रात करीबन 9 बजें साल्हे चौक के पास माइंस रोड मे आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएच 5584 के चालक भूपेन्द्र निषाद वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते मेरे साईड में लाकर मेरी मोटर सायकल को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने महापौर रामू रोहरा के साथ किया स्थल निरीक्षण

# अर्जुनी में बनेगा नया बस स्टैण्ड, सभी सुविधाओं से होगा लैस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने महापौर रामू रोहरा के साथ अर्जुनी में बनने वाले नये बस स्टैण्ड का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान ऑडिटोरियम, नया बस स्टैण्ड, नालंदा परिसर, इंडोर स्टेडियम, प्रस्तावित सड़कों सहित अन्य कार्यों-स्थलों का मौका मुआयना किया। कलेक्टर ने सबसे पहले जिले में निर्माणाधीन आडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑडिटोरियम में निर्मित किये गये कक्षों, बिजली, पानी, शौचालय, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कहा कि परिसर के समीप बनी दुकानों और ऑडिटोरियम के बीच पक्की बांउड्री भी बनाई जाए, ताकि भविष्य में किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। ऑडिटोरियम के अंदर सौंदर्यीकरण, साउंड सिस्टम के लिए प्रस्ताव जल्द तैयार करने के भी निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर नगरनिगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एसके नेताम, जिला परिवहन अधिकारी मुजाहिद खान और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में बनने वाले बस स्टैण्ड को भविष्य में जनसंख्या बढ़ने से पड़ने वाले दबाव के अनुरूप तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इसमें वे सारी सुविधाओं होनी चाहिए, जो एक हाईटेक बस स्टैण्ड में होती हैं। कलेक्टर ने कहा कि 40 फीट चौड़ी सड़कें बनाई जाये। बस स्टैण्ड के सामने आकर्षक गार्डन, रैन बसेरा, वाहनों के लिए पार्किंग, वाहन चालकों के रूकने के लिए अलग से कक्ष, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था की जाये।कलेक्टर श्री मिश्रा ने बस स्टैंड से बाईपास तक पहुंचने वाले मार्गों का डिवाईडर सहित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने बस स्टैण्ड क्षेत्र में लगे बिजली के खंबों को भी हटाने कहा।



#### मुख्य मार्ग में सड़क चौड़ीकरण का लिया जायजा

कलेक्टर ने सिहावा चौक से कोलियारी, रत्नाबांधा चौक से मुजगहन और अंबेडकर चौक से रूद्री तक बनने वाली सड़कों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का निर्देशित किया कि वे सड़कों की सर्वे रिपोर्ट और डीपीआर जल्द प्रस्तुत करें। यदि मार्ग के आसपास कोई अतिक्रमण हो, तो उसे भी हटाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों का दिये।

#### सिंथेटिक कोर्ट, फुटबॉल, हॉकी मैदान बनेगा

सभी खेलों के लिए एक ही स्थान पर सुविधायें उपलब्ध कराने उद्देश्य से इंडोर स्टेडियम बनेगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैदान को बेहतर कर रनिंग एथलेटिक्स का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के लिए 8 लेयर सिंथेटिक कोर्ट, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों के लिए मैदान विकसित किया जाये। इसके साथ ही इंडोर खेल जैसे टेबल टेनिस, बैडमिंटन, जिम के लिए भीतर हॉल में वुडन कोर्ट का भी निर्माण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

#### नालंदा लाइब्रेरी होगी हाईटेक

जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रस्तावित स्थल का कलेक्टर श्री मिश्रा और महापौर ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियों से लाइब्रेरी निर्माण संबंधी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि बड़े शहरों की लाइब्रेरी में जिस तरह की सुविधाएं हैं, उसी तर्ज पर जिले की लाइब्रेरी में भी सुविधाएं होंगी और जिले में पढ़ाई का बेहतर वातावरण बनेगा। लाइब्रेरी के बनने के बाद विद्यार्थियों को पुस्तकों के लिए भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## प्रेस क्लब का होली मिलन समारोह धूमधाम से मना



- नगाड़े की थाप पर थिरके, रंग-गुलाल से हुए सराबोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी प्रेस क्लब ने बुधवार को दोपहर 1 बजे स्थानीय राधाकृष्ण भवन विवेकानंद नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों ने नगाड़े की थाप पर व रंग-गुलाल का टीका लगाकर उत्सव मनाया। होली गाने और दोहे पर खूब थिरके। एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर क्लब के महासंरक्षक द्वय दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता, अध्यक्ष दीप शर्मा, महासचिव विशाल ठाकुर, मोहम्मद शाह, मेघराज ठाकुर, प्रेम मगेन्द्र, डॉ. भूपेन्द्र साहू, उमेशसिंह बशिष्ट, पवन तिवारी, विशेष लखोटिया, यशवंत साहू, माधवेन्द्र हिरवानी, पुष्पेन्द्र साहू, वेणु साहू, आशीष बंगानी, जयंत पटवा, पवन साहू, ऋतुराज पवार, देवेन्द्र मिश्रा, विक्रांत शर्मा, सत्येन्द्र शर्मा, संतोष सोनकर, दुर्गेश साहू उपस्थित थे।

## त्योहारी सप्ताह में सौ से अधिक वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- 13 वाहन चालकों को 1.30 लाख के अर्थदंड से किया दंडित

होली त्योहार में सप्ताह भर यातायात पुलिस ने ट्रेफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 100 से अधिक वाहन व चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं न्यायालय ने 13 वाहन चालकों को 1.30 लाख के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर यातायात डीएसपी मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में होली त्योहार को ध्यान में रखते हुए सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने जिले में होलिका दहन व त्योहार के दिन विशेष वाहन चेकिंग पाइंट लगाया गया था। एसपी ने स्वयं चेकिंग पाइंट पर मौजूद रहकर यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर विशेष कार्रवाई के लिए यातायात पुलिस को निर्देशित किया था। पुलिस ने हुड़दंग करते हुए दोपहिया वाहन में ट्रिपल सवारी चलने वाले व शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान तीन सवारी चलने वाले वाहनों को पकड़कर यातायात, सिटी कोतवाली व रूद्री थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया था।

इस दौरान शराब सेवनकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों का प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया जिसमें से 13 वाहन चालकों को 1 लाख 30 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया। वहीं थाना परिसर में सुरक्षित रखे वाहनों को त्योहार के बाद सभी दोपहिया वाहन के चालकों को तीन सवार, बिना हेलमेट व बिना लायसेंस के नहीं चलाने की समझाईश देकर छोड़ दिया गया।




#### ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील

यातायात पुलिस ने आमजनों से यातायात नियमों का पालन कर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा जिससे वाहन चालकों को ट्रेफिक रूल्स का पालन करा दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया जाएगा।

## जवानों की बदौलत ही हमारा देश सुरक्षित है : कविता



- जुनवानी में दानवीर का चयन होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम जुनवानी निवासी दानवीर साहू सुपुत्र राजू साहू का चयन भारतीय टेरिटोरियल आर्मी टीए में हुआ है। इस उपलक्ष्य में सम्मान एवं विदाई समारोह रखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिपं सदस्य कविता योगेश बाबर थी। अध्यक्षता ज्ञानिकराम साहू सरपंच ने की। इस अवसर पर श्रीमती बाबर ने कहा कि ग्राम जुनवानी का एक पुत्र आज भारतीय सेना में अपनी सेवाए प्रदान करने जा रहा है। यह गर्व की बात है। आज इनके जैसे युवाओं की बदौलत ही देश सुरक्षित है और हम अपने घर में सुख चैन से रह पाते हैं। वे सीमा पर खड़े होकर देशसेवा की भावना लेकर हम सबकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। भारतीय सेना में जाना अपने आप में एक बहुत ही गौरवान्वित करने वाला क्षण है। उन्होंने कहा कि देश की सेवा का जज़्बा मन में लेकर चलना एक बहुत ही कठिन कार्य है, जिसे आज दानवीर साहू ने करके दिखाया है। मौके पर पंच सुजन यादव, डोमार साहू, आसकरण साहू, गंगू यादव, चौथराम साहू, उत्तम साहू, मिनेश साहू, रोशन साहू, चंद्रमणि साहू, पीताम्बर साहू, खोरबाहरा राम साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जीवों के प्रति दयाभाव रखना आवश्यक : सनाथ साहेब



- सिवनीकला में वार्षिक सत्संग समारोह का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिवनीकला में कबीर आश्रम चंदन बाग के साधु बालेश्वर दास एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 17 एवं 18 मार्च को वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन कबीर आश्रम में ही रखा गया था। प्रमुख प्रवचनकर्ता संत सनाथ साहेब मध्यप्रदेश ने अपनी संत मंडली के साथ भजन प्रवचन किए। 17 मार्च सोमवार को दोपहर 2 से 5 बजे तक बीजक पाठ एवं भजन प्रवचन हुआ। 18 मार्च को सुबह 10 से 3 बजे तक भजन प्रवचन हुआ जिसमे श्रोतागणों की भीड़ रही। प्रवचन में सनाथ साहेब ने कहा कि मनुष्य को इंसान के साथ अन्य जीवों पर भी दयाभाव रखना चाहिए। सत्संग करके जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है। सांसारिक मोह माया से केवल तकलीफे बढ़ेंगी। उन्होंने लोगों को धर्म, सत्कर्म करने की प्रेरणा दी।

मौके पर दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू पूर्व जनपद सभापति, विक्रम साहू पूर्व सरपंच, टेकराम साहू जनपद सदस्य, लता जितेश्वर ध्रुव सरपंच, दीपदान साहू उपसरपंच, चंद्रप्रकाश साहू, कपिलदेव पटेल, कुंजीलाल साहू, रामेश्वर साहू, दिलीप साहू, लोमश साहू, दिलेश्वर साहू, गिरधर निर्मलकर, राधे चंद्राकर, मोहन साहू, पुरुषोत्तम पटेल, ललित पटेल केवल साहू, रामबगस साहू, रामआसरा साहू, बोधन साहू, दिलेंद्र यादव, डीहुराम, संत साहू, रामस्वरूप साहू, माघीलाल, कुंजीलाल साहू, कृष्णा साहू, शीतल, लक्ष्मण, साहू, सुरेश, लोमश साहू, अंकुश चंद्राकर, राधिका पटेल, कुसुम पटेल, सुषमा, ममता, गायत्री, रेणुका उपस्थित थे।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने गांधी चौक में किसानों को किया संबोधित

## केन्द्र सरकार सभी फसलों पर एमएसपी गारंटी कानून लागू करे : टिकैत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत बुधवार को किसान सभा को संबोधित करने धमतरी पहुंचे। दोपहर 2 बजे धमतरी पहुंचे श्री टिकैत का किसानों ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद स्थानीय गांधी मैदान में सैकड़ों किसानों को संबोधित किया। 2 घंटे के भाषण में एमएसपी मामले पर केन्द्र सरकार को जमकर कोसा। सम्मेलन में ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

श्री टिकैत ने कहा कि केन्द्र सरकार सभी फसलों पर एमएसपी गारंटी कानून लागू करें ताकि किसानों को फसल बेचने में कोई दिक्कत न हो। धान, गेंहू, अरहर, चना, मूंग, मसूर, गन्ना, मक्का आदि ऐसी फसल है जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून लागू नहीं होने से किसान अपना उत्पाद औने-पौने दाम में बेच रहे हैं। इसका फायदा बिचौलिये और उद्योगपति ले रहे हैं। फसल खरीदी के लिए जो न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है, वह किसानों के साथ धोखा है। महंगाई की तुलना में लागू दर वाजिब नहीं है।





श्री टिकैत ने किसानों के मुद्दे को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि देश की सभी राजनीतिक पार्टियां रिश्ते में ममेरे, फुफरे हैं। इन पर कभी विश्वास न करें। अपनी मांगें दमखम के साथ करें। मांगें जरूर पूरी होंगी। मांगों के लिए एकजुट रहे। एकता का परिचय दें। सरकारों को मांगें मनवाने मजबूर करें। श्री टिकैत ने कहा कि किसानों की प्रमुख मांग सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य, रेत उत्खनन पर रोक, समर्थन मूल्य पर 117 रूपये की बढ़ोतरी, अंतर की राशि 3100 रूपये की बजाय 3217 रूपये, रासायनिक खाद की कीमत पर अंकुश, नकली खाद, अमानक कीटनाशक दवाई पर प्रतिबंध हैं।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष घनाराम साहू, जनक ठाकुर पूर्व विधायक, महावीर साहू, पुष्कर साहू, सुदर्शन सिंह ठाकुर, रामनिहोरा निषाद, आशीष रात्रे, रोशन मरकाम, सुभाष कुमार, बेनीराम, देवनारायण, पूरण पटेल, दीनदयाल, ईश्वर नवरंगे, हमेश कुमार रंगारी, प्रेमलाल साहू, राकेश ध्रुव, नाथुराम नेताम, भुनुराम साहू, रघुनाथ साहू, कुशल साहू सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

#### एमएसपी पर सरकार उलझाना चाहती है

प्रेस से चर्चा करते हुए श्री टिकैत ने कहा कि एमएसपी के मुद्दे पर सरकार किसानों को उलझाना चाहती है। इसके लिए गारंटी कानून बनाएं। बाहरी व्यापारियों के लिए एमएसपी जैसे कड़े कानून जरूरी है। कानून बनाने कमेटी का गठन हों। केन्द्र की सरकार किसानों और मजदूरों के हितों के बारे में नहीं सोच रही है। यह सरकार पूंजीपति, उद्योगपति की सरकार है। दिल्ली में बारह दौर की बातचीत हुई लेकिन सरकार ने ध्यान नहीं दिया। सरकार ने एमएसपी के लिए कमेटी भी नहीं बनाई। किसान सम्मान निधि पर्याप्त नहीं है। रासायनिक खाद, दवाईयों के रेट हर साल बढ़ रहे हैं। सरकार एकल गौशाला को प्रोत्साहित करें। सभी के घरों में गाय होनी चाहिए।

### आधुनिक मॉल की तर्ज पर पुरानी मंडी में खुलेगा साथी बाजार

**धमतरी।** आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के विजन को धमतरी जिले में भी जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा। शहर के बीचोबीच स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में आधुनिक मॉल की तर्ज पर साथी बाजार शुरू किया जाएगा। राज्य एवं केन्द्र सरकार की परियोजना के माध्यम से बनने वाले इस बाजार में बड़े आधुनिक मॉल जैसी सुविधाएं होंगी। इस बाजार की खसियत यह होगी कि यहां 50 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों और कारोबारियों को स्थान दिया जाएगा। वहीं 50 प्रतिशत राष्ट्रीय कंपनियां भी रहेंगी। साथी बाजार के संचालन के लिए जिले में किसानों के उत्पादक कंपनी बनाई जाएगी। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस बाजार की स्थापना के लिए नैफेड, नाबार्ड सहित साथी बाजार परियोजना के नोडल अधिकारी और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के महाप्रबंधक सहित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक और मछलीपालन, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन खूब हुई नारेबाजी

# पंचायत सचिवों ने सरकार को जमकर कोसा

- मांगें पूरी नहीं होने पर 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करेंगें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के ग्राम पंचायत सचिवों ने शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा कर दी है। बुधवार को हड़ताल के दूसरे दिन पंचायत सचिवों ने गांधी चौक मैदान में अपनी आवाज बुलंद करते हुए खूब नारेबाजी की। सरकार को जमकर कोसा।

संघ के भूपेश सिन्हा, अशोक साहू, कोमलसिंह नेताम, सियाराम यादव, तामेश्वरसिंह सेन, श्रीराम सिन्हा, श्यामलाल विश्वकर्मा, सुभाष साहू, तिझनदास हैंवार, अभिषेक तिवारी, ध्रुवदास बघेल, चुन्नुलाल ध्रुव, दशवंत ध्रुव, दधिचि अग्रवाल, राममिलन कुंजाम, चंद्रहास नेताम, पुरूषोत्तम ध्रुव, रामस्वरूप साहू, देवदास मानिकपुरी, रामप्रसाद अग्निवंशी, जीवनलाल साहू, बेबीराम पाल, घनश्याम साहू, राजेश ध्रुवंशी, कमल मंडावी ने बताया कि गत वर्ष चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण करने का वादा किया था।



मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को आवश्यक बताते हुए कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया था। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप समिति गठन कर शासकीयकरण के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का उल्लेख किया है, लेकिन अभी तक इस संबंध में न ही प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और न ही बजट में शासकीयकरण का उल्लेख किया गया है। इस वादाखिलाफी से नाराज जिले के सचिवों ने 17 मार्च को विस का घेराव किया। 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई है। 1 अप्रैल से मंत्रालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया है।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020